सान्ध्य हिन्दी दैनिक जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 03 | अंक - 96 | जौनपुर, मंगलवार, 26 नवम्बर 2024 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### यूपी उपचुनाव में भाजपा को जबरदस्त बहुमत – केशव मौर्य

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में 9 सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने शानदार बढ़त बना ली है। भाजपा 6 सीटों पर आगे चल रही है वहीं, सहयोगी आरएलडी 1 सीट पर आगे है। सपा सिर्फ दो सीटों पर आने है। सपा को बड़ा झटका कुंदरकी विधानसभा सीट और मीरापुर सीट पर लगता हुआ दिखाई दे रहा है। कुंदरकी विधानसभा सीट मुस्लिम बहुल है। ऐसे में वहां से भाजपा प्रत्याशी लगभग 34 हजार वोटो से आगे चल रहे हैं। गाजियाबाद और फूलपुर विधानसभा सीट से भी बीजेपी आगे चल रही है। मुलायम परिवार के गढ़ करहल और सीमामऊ से समाजवादी पार्टी आगे हैं। विधानसभा उपचुनाव पर यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा ने कहा कि अखिलेश यादव की च्व। फर्जी है। यह श्परिवार विकास एजेंसीश है। उनकी असलियत लोगों के सामने आ गई है। लोकसभा में उन्होंने जो झूठ और छल का प्रचार किया, वह अब काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बनने जा रही है। 2024 का यह विधानसभा उपचुनाव सपा जैसी पार्टी के अंत का संकेत है। उपचुनाव वाले नौ विधानसभा क्षेत्रों में कुल 90 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 11 महिला प्रत्याशी हैं। सीसामऊ में सबसे कम 20 और कुंदरकी, करहल, फूलपुर और मझवां में सबसे अधिक 32 दौर में मतगणना पूरी होगी।

### चुनाव को भ्रष्टाचार का पर्याय बनाने के हथकंडे दुनिया के सामने उजागर – अखिलेश यादव

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में विधानसभा की नौ सीट पर उपचुनावों में समाजवादी पार्टी (सपा) की करारी हार पर अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि चुनावको भ्रष्टाचार का पर्याय बनाने के हथकंडे तस्वीरों में कैद होकर दुनिया के सामने उजागर हो चुके हैं। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, विधानसभा की नौ सीट पर हुए उपचुनाव में पांच सीट के परिणामों में समाजवादी पार्टी (सपा)को सीसामऊ व करहल सीट जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गाजियाबाद, खैर और फूलपुर में जीत दर्ज की। हालांकि, अन्य चार सीट में से तीन पर भाजपा और एक सीट पर सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल के उम्मीदवार आगे हैं। एक पोस्ट में कहा, ”चुनावको भ्रष्टाचार का पर्याय बनाने वालों के हथकंडे तस्वीरों में कैद होकर दुनिया के सामने उजागर हो चुके हैं। दुनिया से लेकर देश और उत्तर प्रदेश ने इस उपचुनाव में चुनावी राजनीति का सबसे विकृत रूप देखा।

## अदाणी से जुड़े भ्रष्टाचार की कीमत आम भारतीय चुका रहा

नई दिल्ली, एजेसी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अदाणी समूह से जुड़े 'भ्रष्टाचार' की कीमत आम भारतीय को चुकानी पड़ रही है। राहुल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह भ्रष्टाचार का बेहद खध्तरनाक खेल है। अदाणी मोदी जी को फंड देते हैं और बदले में मोदी जी उन्हें देश की राष्ट्रीय संपत्ति सौंपते हैं। वे दोनों सबसे पहले एक–दूसरे की रक्षा करते हैं। उन्होंने दावा किया कि इसमें कधिमत आम भारतीय को चुकानी पड़ रही है। राहुल ने कहा, ''जब अदाणी रिश्वत देकर महंगी बिजली बेचने का सौदा करते हैं, तब बढ़े हुए बिजली के दाम किसे देने पड़ते हैं? आपको, जनता को। जब घोटाले सामने आने पर अदाणी के फर्जी तरीके से बढ़ाए हुए शेयर गिरते हैं, तब नुकसान किसका होता है? आपका, खुदरा निवेशकों का।' कांग्रेस नेता ने दावा किया, ''जब बंदरगाह, हवाई अड्डे, सीमेंट, रक्षा क्षेत्र अदाणी के हवाले किए जाते हैं, तब उन्हें मिलने वाला मुनाफा किसकी जेब से जाता है? आपकी जेब से।'' उन्होंने कहा, ''इसीलिए मैं बार–बार बोल रहा हूं – इस खेल को समझिए, इसमें हार हमेशा जनता की होगी।

## विकसित भारत का मजबूत हुआ संकल्प - पीएम मोदी



महाराष्ट्र, एजेसी। महाराष्ट्र में मिली जबरदस्त जीत के बाद भाजपा में उत्साह है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी कार्यालय से संबोधित किया। इसके साथ ही झारखंड को लेकर उन्होंने बड़ी बात कही। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हम यहां एक और ऐतिहासिक महाविजय का उत्सव मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। आज महाराष्ट्र में विकासवाद, सुशासन, सच्चे सामाजिक न्याय की जीत हुई है और महाराष्ट्र में झूठ, छल, फरेब बुरी तरह हारा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विभाजनकारी ताकते हारी हैं, नकारात्मक राजनीति की हार हुई है परिवारवाद की हार हुई है। आज महाराष्ट्र ने विकसित भारत के संकल्प को मजबूत किया है। मोदी ने कहा कि आज देश के अनेक राज्यों में उपचुनावों के नतीजे भी आए हैं। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान ने भाजपा को जमकर समर्थन दिया है। असम के लोगों ने भाजपा पर फिर एक बार भरोसा जताया है। मध्य प्रदेश में भी हमें सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि बिहार में छव। का समर्थन बढ़ा है। यह दिखाता है कि देश अब सिर्फ विकास चाहता है। मैं महाराष्ट्र के मतदाताओं का, युवाओं का, माताओं का, किसानों, देश की जनता को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं झारखंड की जनता को भी नमन करता हूं। झारखंड के तेज विकास के लिए हम अब और ज्यादा मेहनत से काम करेंगे। इसमें भाजपा का एक–एक कार्यकर्ता अपना हर प्रयास करेगा। इस दौरान नड्डा ने कहा कि ये ऐतिहासिक दिन, विशेष दिन... जो आज भारत और महाराष्ट्र की जनता ने, और देश के विभिन्न राज्यों के उपचुनावों में जो जनता ने संदेश दिया है, वो निश्चित रूप से जिस कार्य को आदरणीय पीएम मोदी जी ने देशवासियों की सेवा करने का संकल्प उठाया। उस पर जनता ने फिर से मुहर लगा दी है।

उन्होंने कहा कि आज के दिन महाराष्ट्र और उपचुनावों में मिली जीत और पिछले दिनों हरियाणा में मिली जीत ने यह तय कर दिया है कि जिस बात को पीएम मोदी जी ने रखा... गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, दलित, महिला, युवा, किसान... इनको मुख्यधारा में शामिल करके देश को आगे ले जाना है... इस पर जनता ने फिर से मुहर लगा दी है।

## वायनाड से प्रियंका गांधी की जबरदस्त जीत



वायनाड, एजेसी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को वायनाड लोकसभा उपचुनाव जीत लिया है, जो उनकी पहली चुनावी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में 2024 के लोकसभा चुनावों में अपने भाई राहुल गांधी द्वारा हासिल किए गए वोटों के अंतर को पार कर लिया। इसके बाद प्रियंका ने एक्स पर ट्वीट किया कि वायनाड की मेरी प्यारी बहनों और भाइयों, आपने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं कृतज्ञता से अभिभूत हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि समय के साथ, आप वास्तव में महसूस करें कि यह जीत आपकी जीत है और जिस व्यक्ति को आपने अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है वह आपकी आशाओं और सपनों को समझता है और आपके लिए लड़ता है। मैं संसद में आपकी आवाज बनने के लिए उत्सुक हूं। गांधी ने आगे लिखा कि मुझे यह सम्मान देने के लिए धन्यवाद और इससे भी अधिक आपने मुझे जो अपार प्यार दिया है उसके लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि यूडीएफ में मेरे सहकर्मी, पूरे केरल के नेता, कार्यकर्ता, स्वयंसेवक और मेरे कार्यालय के सहकर्मी जिन्होंने इस अभियान में अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की, आपके समर्थन के लिए धन्यवाद, मेरी प्रतिदिन 12 घंटे की कार यात्रा (कोई भोजन नहीं, कोई आराम नहीं) को सहन करने के लिए, और उन आदर्शों के लिए सच्चे सैनिकों की तरह लड़ने के लिए जिनमें हम सभी विश्वास करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मेरी माँ, रॉबर्ट और मेरे दो रत्नों– रेहान और मिराया, आपने मुझे जो प्यार और साहस दिया है उसके लिए कोई भी आभार पर्याप्त नहीं है। और मेरे भाई, राहुल, आप उन सभी में सबसे बहादुर हैं... मुझे रास्ता दिखाने और हमेशा मेरा साथ देने के लिए धन्यवाद! इस साल के चुनाव में उत्तर प्रदेश के रायबरेली से भी जीतने के बाद, राहुल ने वायनाड सीट खाली कर दी और पार्टी ने उनकी बहन प्रियंका को उम्मीदवार बनाया, जिससे उनके चुनावी पदार्पण का मार्ग प्रशस्त हो गया। 14 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाताओं वाले वायनाड में उपचुनाव में लगभग 65 प्रतिशत मतदान हुआ, जो इस साल अप्रैल में हुए लोकसभा चुनावों के 74 प्रतिशत के करीब से कम है और 80 प्रतिशत से अधिक मतदान से काफी कम है।

## शानदार रहा इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन –हेमंत सोरेन

झारखंड, एजेसी। झारखंड विधानसभा चुनाव नतीजों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को एक बड़ा झटका दिया है। झामुमो के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक ने बढ़त हासिल कर ली है और राज्य में सत्ता बरकरार रखने की स्थिति में है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य में लगातार दूसरी बार सत्ता में आने की राह पर हैं। ब्लॉक के प्रदर्शन ने झारखंड में अपने प्रभुत्व की पुष्टि की है, और भाजपा के आक्रामक अभियान का सफलतापूर्वक मुकाबला किया है। प्रेस से बात करते हुए सोरने ने कहा कि आज झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के नतीजे आ गए हैं। मैं सभी समुदायों के लोगों और राज्य के सभी किसानों, महिलाओं और युवाओं को बहुमत के साथ वोट देने और इस चुनाव को सफल बनाने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं उन सभी नेताओं को भी धन्यवाद देता हूं जो मैदान में थे और लोकतंत्र की ताकत को लोगों तक ले गए। उन्होंने कहा कि हम पूर्ण परिणाम का इंतजार कर रहे हैं जो जल्द ही घोषित किया जाएगा। उसके बाद हम आगे का फैसला लेंगे। झामुमो नेता ने कहा कि इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है, ये मुझे पता चला है। मैं समर्थन के लिए आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। इसके साथ ही उन्होंने बधाई के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद किया है। सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि यह सरकार अबुआ सरकार है, यह सरकार झारखंड की जनता की सरकार है। जनता ने हेमंत सोरेन पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। हेमन्त जी पहले जिस तरह एक बेटा बनकर, एक भाई बनकर झारखंड की सेवा कर रहे थे, अब आने वाले समय में उससे भी ज्यादा मेहनत करेंगे।



## राष्ट्रपति मुर्मू ने बताई साहित्य की अहमियत

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक टीवी कार्यक्रम में साहित्य की अहमियत बताई। उन्होंने कहा कि साहित्य मानवता को सशक्त बनाता है और समाज को बेहतर बनाता है। देश के क्षेत्रीय साहित्य में अखिल भारतीय चेतना हमेशा मौजूद रही है। यह चेतना रामायण और महाभारत से लेकर हमारे स्वतंत्रता संग्राम तक की हमारी यात्रा में दिखाई देती रही है और आज के साहित्य में भी देखी जा सकती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जो लेखक लोगों के सुख–दुख से जुड़े रहते हैं, उनकी रचनाएं पाठकों को पसंद आती हैं। समाज उन लेखकों को नकार देता है जो समाज के अनुभवों को कच्चा माल मानते हैं। ऐसे लेखकों की रचनाएं एक छोटे से साहित्यिक दुकान तक ही सीमित रह जाती हैं। उन्होंने कहा कि जहां बौद्धिक आडंबर और पूर्वाग्रह है, वहां साहित्य नहीं है। लोगों के दुख–दर्द को साझा करना साहित्य की पहली शर्त है। साहित्य को मानवता से जुड़ना चाहिए। साहित्य मानवता को सशक्त और समाज को बेहतर बनाता है। साहित्य मानवता के शाश्वत मूल्यों को बदलती परिस्थितियों के अनुसार ढालता है। साहित्य समाज को नया जीवन देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों पर कई संतों और कवियों का प्रभाव था। साहित्य के ऐसे प्रभाव का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने मौलिक लेखन और अनुवाद के माध्यम से बाल साहित्य को प्रोत्साहित करने के लिए कहा।

## पंजाब उपचुनाव में 3 सीटें जीती आप

पंजाब, एजेंसी। पंजाब में चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) ने गिद्दड़बाहा, डेरा बाबा नानक और चब्बेवाल में जबकि कांग्रेस ने बरनाला सीट पर




जीत हासिल की है। पंजाब उपचुनाव के नतीजे के बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब उपचुनाव के नतीजे फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सेमीफाइनल जैसे हैंय आप को फिर से ऐतिहासिक जनादेश मिलेगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब उपचुनाव में आप ने चार में से तीन सीटें जीतीं, भाजपा ने तीन पर जमानत गंवाई। इस वर्ष के प्रारंभ में निवर्तमान विधायकों के लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद उपचुनाव करवाना जरूरी हो गए थे। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी गिद्दड़बाहा और डेरा बाबा नानक विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के गढ़ को भेदने में कामयाब रही, हालांकि वह बरनाला विधानसभा क्षेत्र में अपना गढ़ मुख्य विपक्षी पार्टी के हाथों हार गई। उपचुनाव में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली क्योंकि उसके उम्मीदवार चारों सीटों पर तीसरे स्थान पर रहे। शिरोमणि अकाली दल ने उपचुनाव में हिस्सा नहीं लिया था। इस जीत के साथ ही 117 सदस्यीय विधानसभा में आप के पास 94 सीटें और कांग्रेस के पास 16 सीटें हो जाएंगी। जैसे ही नतीजे आए, आप नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, मिठाइयां बांटी और ढोल की थाप पर नृत्य किया, जबकि सफल उम्मीदवारों ने अपने– अपने निर्वाचन क्षेत्रों में विजय जुलूस निकाले। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उपचुनाव में शानदार जीत के लिए पंजाब के लोगों को बधाई दी।

## सीएम फेस पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया – शिंदे

महाराष्ट, एजेंसी। महायुति महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने शनिवार को गठबंधन को भारी जनादेश देने के लिए राज्य के मतदाताओं को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री पद के चेहरे के लिए अपने डिप्टी देवेंद्र फड़नवीस को भाजपा की पसंद होने की चल रही खबरों पर बोलते हुए, शिंदे ने कहा कि मुख्यमंत्री उम्मीदवार पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। शिंदे ने महाराष्ट्र के मतदाताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि मैं महाराष्ट्र की जनता को धन्यवाद देता हूं। यह एक जबरदस्त जीत है। मैंने पहले ही कहा था कि महायुति को प्रचंड जीत मिलेगी। मैं समाज के सभी वर्गों को धन्यवाद देता हूं। मैं महायुति दलों के सभी कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद देता हूं। जब उनसे पूछा गया कि महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, तो शिवसेना नेता ने कहा कि अंतिम नतीजे आने दीजिए। फिर, जैसे हमने एक साथ चुनाव लड़ा, उसी तरह तीनों दल एक साथ बैठेंगे और सीएम कौन होगा इस पर फैसला लेंगे। शिंदे की यह टिप्पणी भाजपा नेता प्रवीण दरेकर द्वारा शनिवार को मांग करने के बाद आई है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को राज्य का अगला मुख्यमंत्री नियुक्त किया जाए। इससे पहले एक्स पर एकनाथ शिंदे ने लिखा कि महाराष्ट्र की समृद्धि और समर्पित भावना के साथ मैचों के कल्याण के लिए काम कर रही महायुति सरकार ने निर्विवाद और शानदार सफलता हासिल की है।

## पश्चिम बंगाल में ममता की टीएमसी ने कर दिया बड़ा खेला

पश्चिम बंगाल, एजेंसी। ताकत के शानदार प्रदर्शन में, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पश्चिम बंगाल विधानसभा उपचुनावों में क्लीन स्वीप हासिल कर लिया है। टीएमसी ने



अलीपुरद्वार जिले के महत्वपूर्ण मदारीहाट निर्वाचन क्षेत्र सहित सभी छह सीटों पर जीत हासिल की है। यह जीत टीएमसी के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि मदारीहाट भाजपा का गढ़ रहा है, जहां भाजपा ने 2021 के चुनावों में 29,000 वोटों की बढ़त हासिल की थी। यह परिणाम परंपरागत रूप से भाजपा का गढ़ माने जाने वाले क्षेत्र में भाग्य के नाटकीय उलटफेर का प्रतीक है। मदारीहाट में उपचुनाव तब शुरू हुआ जब अलीपुरद्वार के वर्तमान सांसद और भाजपा के मनोज तिग्गा ने 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए विधानसभा सीट खाली कर दी। क्षेत्र में भाजपा के गढ़ के बावजूद, टीएमसी के जयप्रकाश टोप्पो ने मदारीहाट में 28,000 से अधिक वोटों से जीत हासिल की, जिससे उत्तर बंगाल में पार्टी का प्रभाव और मजबूत हो गया। अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में, टीएमसी ने अपना प्रभुत्व जारी रखा। संगीता रॉय ने सीताई सीट पर 1.3 लाख वोटों के भारी अंतर से जीत हासिल की, उन्होंने बीजेपी के दीपक कुमार रे के खिलाफ 1.6 लाख से अधिक वोट हासिल किए, जो केवल 35,000 वोट ही हासिल कर पाए। नैहाटी में, टीएमसी के सनत डे ने बीजेपी के रूपक मित्रा को लगभग 50,000 वोटों से हराया, जबकि शेख रबीउल इस्लाम ने हरोआ में जीत हासिल की, उन्होंने एआईएसएफ के पियारुल इस्लाम को 1.3 लाख से अधिक वोटों से हराया। मेदिनीपुर में, टीएमसी के सुजॉय हाजरा ने भाजपा के सुभाजीत रॉय पर लगभग 34,000 वोटों से जीत का दावा किया। टीएमसी के फाल्गुनी सिंघाबाबू भी तालडांगरा में विजयी हुए, उन्होंने भाजपा के अनन्या रॉय चक्रवर्ती के खिलाफ 34,000 से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की। प्रचंड जीत से टीएमसी कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है, जो पार्टी की सफलता का जश्न मनाने के लिए दक्षिण कोलकाता में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास के बाहर एकत्र हुए। प्रभाव और राज्य में महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलाव को दर्शाता है।

## बीजेपी की हार मेरे लिए बेहद दुःखद – हिमंत बिस्वा

असम, एजेंसी। मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के सह–प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पार्टी की हार उनके लिए बहुत दुखद है। झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को प्रभावशाली जीत हासिल करने के लिए बधाई दी और कहा कि उन्हें विश्वास है कि सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड प्रगति और विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। झारखंड में हार मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत दुखद है, भले ही हमने असम में सभी पांच उपचुनावों में जीत हासिल की। मैंने झारखंड में हमारे कार्यकर्ताओं के अटूट समर्पण और अथक प्रयासों को देखा है, जिन्होंने इस चुनाव में अपना सब कुछ झोंक दिया। सरमा ने कहा कि भाजपा ने राज्य को घुसपैठ से बचाने और छात्रों और युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए इसे विकास के पथ पर ले जाने की दृष्टि से चुनाव लड़ा। हालांकि, हमें विनम्रतापूर्वक लोगों के जनादेश को स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि यही लोकतंत्र का असली सार है। हम अपने कार्यकर्ताओं के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे, उन्हें अटूट समर्थन और एकजुटता प्रदान करेंगे। एक अन्य पोस्ट में सरमा ने कहा, जेएमएम और उसके सहयोगियों ने झारखंड में शानदार जीत हासिल की है। इस उपलब्धि पर हेमंत सोरेन और उनकी पूरी टीम को मेरी हार्दिक बधाई। मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में झारखंड प्रगति और विकास के पथ पर अग्रसर होगा। हेमंत सोरेन ने विधान सभा चुनाव में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के शानदार प्रदर्शन के लिए राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया।



# राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित निपुण असेसमेंट सर्वे में ९५ प्रतिशत से अधिक छात्र हुए सम्मिलित



अयोध्या। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नेशनल अचीवमेंट सर्वे (नेट) 2024 की परीक्षा अयोध्या व लखनऊ मंडल में 25 और 26 नवंबर को क्रमशरू कक्षा 1 से 3 और कक्षा 4 से 8 एक साथ आयोजित की गई।बताते चले कि अयोध्या मंडल की परीक्षा एडी बेसिक कौस्तुभ कुमार सिंह के निर्देशन और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय के संयोजन में संपन्न हुई।कक्षा 1 से 3 में भाषा और गणित ,कक्षा 4 और 5 में भाषा,गणित,ईवीएस अंग्रेजी तथा कक्षा 6, 7, 8 में भाषा,गणित,अंग्रेजी, सामाजिक विषय,विज्ञान की ओएमआर आधारित परीक्षा रही।जिले में एनएटी मे बच्चो की औसत उपस्थिति 95: से अधिक रही।इस मौके पर परख एप के माध्यम से विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा स्कैनिंग और डाटा को सिंक किया गया।

जिला स्तर पर बीएसए कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया था।जहाँ पर जिले के एसआरजी डॉ अंबिकेश त्रिपाठी, मनीष रस्तोगी अमित कुमार मिश्र एसआरजी और एआरपी श्रीकांत द्विवेदी ,कृष्ण कुमार त्रिपाठी ,संजय चौधरी ,राजन कुमार ,प्रवीण मिश्रा, रजनी रंजन, योगेश्वर सिंह,आशुतोष त्रिपाठी ,डॉ रंजीत सिंह एआरपी सम्मिलित रहे।

# तीन प्रतिष्ठित फार्मा वैज्ञानिकों को इस वर्ष फार्मा रत्न 2024 से नई दिल्ली में सम्मानित करेगा फार्मेसिस्ट फेडरेशन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। फार्मास्यूटिकल साइंस को नेतृत्व देने, इस विशिष्ट क्षेत्र में योगदान, शोध और ज्ञान से औषधि विज्ञान को नवीन दिशा देने वाले फार्मा विशेषज्ञ, NIPER हैदराबाद के फाउंडर निदेशक प्रो पी वी दीवान, एम्स जम्मू के अध्यक्ष प्रो. वाई.के. गुप्ता, इंडियन फार्माकोलॉजिकल सोसायटी के अध्यक्ष डॉ शिव प्रकाश को फार्मेसिस्ट फेडरेशन की राष्ट्रीय वैज्ञानिक समिति की संस्तुति पर फार्मा रत्न –2024 की उपाधि से सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया है । यह सम्मान एम्स नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय फार्माकोलोजी सम्मेलन के अंतिम दिन सम्मान समारोह में 30 नवंबर को दिया जाएगा ।

उक्त आशय की जानकारी आज फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव, महामंत्री अशोक कुमार, और साइंटिफिक कमेटी के चेयरमैन डा हरलोकेश ने दिया ।

उन्होंने बताया कि आज से इंडियन फार्माकोलॉजिकल सोसायटी की 2 दिवसीय सेमिनार पूर्व कार्यशाला प्रारंभ हुई जो कल भी जारी रहेगी । कार्यशाला में विभिन्न रिसर्च संबंधी प्रयोग होंगे । इसके बाद 3 दिवसीय सम्मेलन 30 तक चलेगा ।

आर्गनाइजिंग सचिव डा हरलोकेश के अनुसार सेमिनार को भारत के अलावा 13 अन्य देशों के प्रतिष्ठित लगभग 100 वैज्ञानिक वक्ता संबोधित करेंगे ।

फार्माकोलॉजी सम्मेलन में नवीनतम वैज्ञानिक खोजों, अत्याधुनिक तकनीकों में नवीन दृष्टिकोणों, सटीक चिकित्सा, नैनोमेडिसिन आदि में प्रगति को उजागर किया जा रहा है।

इसके अलावा, फार्मास्यूटिकल विज्ञान में एआई अनुप्रयोगों और रोगी–केंद्रित उपचारों पर विशेष जोर दिया जाएगा। अनुसंधान दवा विकास को नया रूप दे रहा है, नैदानिक परीक्षणों को अनुकूलित कर रहा है और चिकित्सीय परिणामों में सुधार कर रहा है, इस बारे में प्रतिनिधियों द्वारा चर्चा होगी। सम्मेलन फार्माकोलॉजी में नवीनतम शोध और नवाचारों को एक साथ लाने के लिए एक अद्वितीय मंच है।

# रेड हेल्थ ने मेदान्ता में उत्तर प्रदेश की पहली 5जी एंबुलेंस सेवा का किया शुभारंभ, आपातकालीन चिकित्सा में स्थापित किए नए मानक




ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। रेड हेल्थ ने मेदान्ता में उत्तर प्रदेश की पहली 5जी सक्षम एम्बुलेंस लॉन्च की है, जो आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में एक बड़ा कदम है। यह तकनीक रियल–टाइम डेटा ट्रांसफर और हाई–स्पीड कनेक्टिविटी के साथ मरीजों को बेहतर देखभाल प्रदान करती है। यह सुविधा मेदान्ता की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुरू की गई है। आपातकालीन सहायता के लिए इसे 1068 पर कॉल करके कभी भी इस सेवा का लाभ उठाया जा सकता है।

रेड हेल्थ ने 5जी तकनीक के साथ आपातकालीन सेवाओं में क्रांति की शुरुआत की है।

यह नई 5जी एनेबल्ड एम्बुलेंस आपातकालीन सेवाओं को तेज और सटीक बनाने के लिए कई उन्नत सुविधाएं प्रदान करती है।

तत्काल डेटा ट्रांसमिशन – रेड हेल्थ की इस एम्बुलेंस से ईसीजी, हार्ट रेट और ऑक्सीजन सैचुरेशन जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य डेटा रियल टाइम में अस्पताल भेजे जा सकते हैं, जिससे मरीज के आने से पहले ही अस्पताल में इलाज के लिए आवश्यक तैयारी शुरू हो जाती है।

रियल–टाइम एक्सपर्ट सहायतारू वीडियो सपोर्ट के माध्यम से पैरामेडिक्स को लगातार विशेषज्ञ डॉक्टरों का मार्गदर्शन मिलता है, जिससे सफर के दौरान ही मरीज की उच्च गुणवत्ता की देखभाल संभव होती है।

लगातार कनेक्टिविटीरू एम्बुलेंस और अस्पताल के बीच सुरक्षित और निरंतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होती है, जिससे मरीज के देखभाल में कोई रुकावट नहीं आने पाती।

समय पर निदान और उपचाररू स्वास्थ्य डेटा के त्वरित ट्रांसमिशन से अस्पताल पहुंचने से पहले ही इलाज शुरू हो जाता है, जिससे परिणाम बेहतर होते हैं।

रेड हेल्थ के फाउंडर सीईओ मेदांता के साथ हुई इस साझेदारी पर खुशी जताते हुए कहा कि हर मरीज की एक लड़ाई समय से भी होती है कि कितनी जल्दी वो एंबुलेंस से हॉस्पिटल पहुंच सकता हैं। इसी क्रम में हमने यह फाइव जी एंबुलेंस लॉन्च की है। मेदान्ता लखनऊ के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर ने कहा, ‘5जी एम्बुलेंस उत्तर प्रदेश के लिए एक क्रांतिकारी पहल है। यह मेदान्ता की स्वास्थ्य सेवाओं को तकनीक के साथ जोड़ने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा लक्ष्य है कि आपातकालीन परिस्थितियों में मरीज के इलाज के लिए हर सेकंड का सही उपयोग हो।

# बनारस डेयरी के एक्सपोजर विजिट में गए बच्चों को दी गयी जानकारियां




ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर, जफराबाद। बीआरसी बाकराबाद सिरकोनी से सोमवार को सुबह परिषदीय विद्यालयों के बच्चो ने वाराणसी के करखियाव में स्थित बनास डेयरी (अमूल)में एक्सपोजर विजिट पर पहुंचे।वहां पर उन्होंने अमूल के प्रोडक्ट्स के बनने सहित अन्य जानकारी लिया।ज्ञात हो सुबह बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।

शासन के निर्देश पर ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों के बच्चो के बौद्धिक विकास के लिए ऊक्त विजिट का कार्यक्रम बनाया गया।

इस विजिट में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के 95 बच्चे वाराणसी के बनास डेयरी(अमूल्य) करखियाव का विजिट करवाने के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में विकास खण्ड के छह एआरपी अशोक कुमार राजभर, सुनील कुमार सिंह,सजंय कुमार सिंह,पंकज कुमार यादव,अध्यापिकाओं भारती सिंह,प्रियंका, नीलम, रितिका, मंजू,सीमा,माधुरी व चंदा देवी के साथ ये सभी बच्चे गए है। बच्चों को टीशर्ट, कैप, स्टेशनरी, बैग,लंच आदि की व्यवस्था की गई।एबीएसए अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि इस एक्सपोजर विजिट के दौरान बच्चो ने डेयरी में बनने वाले उत्पादों के बनाने,पैक करने सहित अन्य जानकारी लिया। इसके अलावा बच्चो को विडीओ के माध्यम से भी कम्पनी के बारे में जानकारी लिया। बच्चे शाम को वापस बीआरसी पर लौट आये।

# संविधान हमारे देश का सबसे पवित्र ग्रंथ है – राकेश मौर्य



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर में समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में नगर के सांसद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में संविधान दिवस के अवसर पर गोष्ठी आयोजित कर संविधान बचाने एवं संविधान की रक्षा का संकल्प लिया गया।गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि संविधान हमारे देश का सबसे पवित्र ग्रंथ है। संविधान हमें शांति, एकता और अखंडता का संदेश देता है।धर्म निरपेक्षता और समाजवाद हमारे संविधान के सर्वोत्तम मूल्य हैं। लेकिन आज देश और प्रदेश की सत्ता लाठी डंडे के सहारे देश प्रदेश चलाना चाहती है। जबकि देश संविधान से चलेगा।देश संविधान निर्माता बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर का सदैव ऋणी रहेगा।अंत में सपाजनों संविधान की मूल प्रस्तावना को पढ़कर संविधान बचाओ देश बचाओ का नारा लगाते हुए बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहे के नारे लगाए।गोष्ठी को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, प्रदेश सचिव हिसामुद्दीन शाह,महेंद्र यादव, श्यामबहादुर पाल, अशोक यादव, वीरेंद्र यादव, रामजतन यादव, रामू मौर्य, हरिश्चंद्र प्रभाकर, राजेश गौतम ने संबोधित किया। इस अवसर पर गुलाब यादव, निजामुद्दीन अंसारी, पवन मौर्य, दिलीप प्रजापति, अशोक नायक, विवेक यादव, धर्मेंद्र सोनकर, आनंद मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मदरसे में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। मदरसा चश्मे हयात, रेहटी में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों एवं अन्य लोगों को संविधान के बारे में बताते हुए मदरसा के शिक्षकगण ने बताया कि हमारे देश का संविधान 26 नवंबर 1949 ई० को बनकर तैयार हुआ था जिसे 2 महीने के बाद 26 जनवरी 1950 ई० को पूरे देश में लागू कर दिया गया । 26 जनवरी 1950 से आज की तिथि तक हमारा देश संविधान के अनुसार चल रहा है। संविधान की देन है कि देश के सभी नागरिकों को उनका अधिकार मिल रहा है।उन्हें सुरक्षा दी जा रही है। हमारे देश में सभी नागरिकों को संविधान के अनुसार जीवन व्यतीत करना चाहिए ताकि देश में अमन व शांति कायम रहे और देश की एकता बनी रहे । संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ० भीमराव अंबेडकर, डॉ० राजेंद्र प्रसाद, सरोजिनी नायडू आदि संविधान निर्माताओ के विषय में सविस्तार जानकारियां दी गयी। संविधान दिवस के विषय में बच्चों को बताने के बाद बालक एवं बालिकाओं के मध्य वाद–विवाद प्रतियोगिता कराया गया जिसमें बारी–बारी से उनसे प्रश्न पूछे गए जिसका बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मदरसा के प्रधानाचार्य गुफरान सज्जाद ने छात्र–छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को संविधान के विषय में और अधिक जानकारी प्राप्त करने एवं संविधान के अनुसार कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया और बताया कि देश को विकास के मार्ग पर आगे ले जाने के लिए संविधान को आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि बिना संविधान के किसी भी विकसित राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम के अंत में बच्चों एवं उपस्थित लोगों में मिष्ठान वितरण करके कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर कलीमूल्लाह जलालुद्दीन मुबारक शाहिद मोहम्मद जावेद अफजल दिलशाद हयातुल्लाह अबरार शौकत निसात तौफीक आदि मौजूद रहे।

# सीएम ने अयोध्या मेडिकल कालेज के प्राचार्य ज्ञानेंद्र कुमार के खिलाफ मुख्यमंत्री ने दिए विजलेंस जांच के आदेश

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से जिले के कई जनप्रतिनिधियों द्वारा हुई शिकायत के बाद राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य ज्ञानेंद्र कुमार के खध्लिाफ सतर्कता जाँच के आदेश दिए गए हैं।इस संबंध मे शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए पत्र और साक्ष्यों की गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गृह विभाग ने अयोध्या मेडिकल कालेज के प्राचार्य ज्ञानेद्र कुमार के खिलाफ विजलेंस जाँच कराने का निर्णय लिया है।सूत्र के मुताबिक शिकायती पत्र में ज्ञानेंद्र कुमार पर गंभीर आरोप लगाये गये है।

# गीता गोष्ठी में वार्षिकोत्सव की तैयारी पर हुई चर्चा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

गोण्डा। नगर के मालवीय नगर में रामलीला मैदान स्थित रामेश्वरम शिव मंदिर में रविवार को गीता गोष्ठी में 15 दिसंबर को आयोजित होने वाले वार्षिकोत्सव की तैयारियों पर चर्चा की गई। मंदिर परिसर के हाल में संस्थापक सदस्य जनार्दन सिंह के संयोजन में आयोजित गोष्ठी में गीता में योगेश्वर श्रीकृष्ण के उपदेशों का समकालीन समाज में उपयोगिता पर चर्चा हुई। वार्षिकोत्सव की तैयारियों पर कार्यक्रम के संयोजक इं. सुरेश दूबे ने कहा कि 15 दिसंबर को रामलीला मैदान में आयोजित गीता गोष्ठी के 24वें वार्षिकोत्सव के मुख्य वक्ता हरिद्वार स्थित जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद जी महाराज होंगे। इसके अतिरिक्त वाराणसी के आध्यात्मिक विचारक राजर्षि गांगेय हंस, युवा चिंतक महिम तिवारी व अयोध्या के योगाचार्य डॉ. चौतन्य गोष्ठी में प्रवचन करेंगे। गोष्ठी में उत्तम कुमार शुक्ल, रामबहादुर शुक्ल, रामसेवक सिंह, अशोक कुमार जायसवाल व अनिल सिंह शामिल थे।

# 27 नवंबर को रोजगार मेले का आयोजन

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत कराया है कि शासन की मंशा एवं निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय आई0टी0आई0 सिद्दीकपुर कैम्पस जौनपुर में 27 नवम्बर 2024 को प्रातः 10:00 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों के द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। प्रतिभागी अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता रू–हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0 आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण एवं आयु सीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को कैम्पस सलेक्शन करेंगी। जिसमें अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त करें। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया की रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी0प्रुफ सहित एवं वेब पोर्टल https://rojgaarsangam.up.gov.in पर जॉबसीकर के रूप में पंजीकरण उपरांत आवेदन करते हुए, रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें।

# दोना पत्तल की दुकान पर काम करने वाले दो चचेरे भाइयों करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत

अयोध्या। मंगलवार को सुबह कैंट थाना क्षेत्र मे बंदे अली छावनी उसे समय सन्नाटा पसर गया,जब वहां पर स्थित स्थित दोना पत्तल के दुकान पर काम करने वाले दो चचेरे भाइयों की करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। इस बात की पता मंगलवार की सुबह उसे समय हुई जब वहां के लोगों ने शटर बंद देखकर उसे बुलाने की कोशिश किया लेकिन अंदर से आवाज ना आने पर एक बार तो वहां के लोग वापस चले गए।लेकिन कुछ देर बाद वहां के स्थानीय लोगो ने उस दुकान के अंदर से धुआं देखा तो वहां आफरी तफरी का माहौल हो गया।आनन फानन में जब किसी तरह से जब शटर को खोला गया तो वहां पर काम करने वाले चचेरे भाई अविनाश श्रीवास्तव पुत्र अजय श्रीवास्तव तथा शिवम श्रीवास्तव पुत्र मनोज श्रीवास्तव निवासी कुर्मी टोला जमथरा रोड,नियावां थाना कैंट का शव झुलसी अवस्था में पाई गई।इस हृदय विदारक घटना को देखते ही वहां के लोगों तथा मृतक के परिजनों में दुख का पहाड़ टूट पड़ा।इस घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्वनी पांडे, महिला थानाध्यक्ष मंजू देवी,थाना कैंट की फोर्स, फॉरेंसिक टीम,अग्निशमन द्वितीय अधिकारी प्रदीप पाण्डेय सहित कई टीम पहुंच कर घटना की जांच में जुट गई।इस मौके पर पुलिस ने पहुंचकर दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए शव विच्छेदन गृह भेज दिया।आशंका जताई जा रही है कि मृतक अविनाश व शिवम को इधर कई दिनों से दोना पत्तल बनाने के लिए काफी मात्रा में आर्डर मिले हुए थे।इसी ऑर्डर को पूरा करने के लिए वे दोनों बीती रात दोना पत्तल बना रहे थे कि दोना पत्तल की मशीन पर अधिक दबाव पड़ने के कारण मशीन में शार्ट सर्किट होने के चलते करंट फैल गया।जिससे करंट उतरने से दोनो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। जब सुरक्षा कर्मियों व स्थानीय लोगों की मदद से शटर खोला गया तो वहां पर अंदर का सामान जला हुआ था आशंका जताई जा रही है दोनों शव भी झुलसी अवस्था में शटर के समीप ही मिली।

# संविधान दिवस के अवसर कार्यक्रम का आयोजन

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। नेहरू युवा केन्द्र जौनपुर एवं जिला खेल कार्यालय, जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस के अवसर पर दिनांक 26 नवम्बर, को रैली एवं व्याख्यान का कार्यक्रम नगर के शकुन्तला सेन्ट्रल एकेडमी में आयोजित कराया गया। कार्यक्रम प्रारम्भ होने से पूर्व सर्वप्रथम संविधान सभा के मसौदा समिति के मुखिया भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। तदोपरान्त अशोक शुक्ला व आशीष सिंह ने बैज लगाकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य वार्ताकार के रूप में श्री शैलेन्द्र उपाध्याय, अधिवक्ता उपस्थित थे। इन्होंने बच्चों को संविधान के विषय में अवगत कराया। इस दौरान श्री उपाध्याय ने विद्यार्थियों को बताया कि संविधान के उद्देश्यों को यदि आप ध्यान से पढ़े तो स्वतः ही संविधान के विषय में ज्ञान हो जायेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी नागरिकों के लिए संविधान वरदान के रूप में है जिसके कारण सभी को समानता का अधिकार प्राप्त हो सका है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री विजय शंकर दूबे एवं अंजना श्रीवास्तव ने कहा कि संविधान ने जीवन का नया स्वरूप एवं सभी को अभिव्यक्ति की आजादी प्रदान किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने बच्चों से कहा कि आप निश्चित ही अपने अधिकारों को पढ़ते हैं एवं जानना चाहता हैं उसी प्रकार



अपने कर्त्तव्य के प्रति भी जागरूक रहें एवं कर्त्तव्यों का पालन करें। यह गुण आपको वास्तव में देश का समृद्ध नागरिक बनायेगा। संविधान के ऊपर एक वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन रख गया जिसमें कशिश मौर्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं श्रेया मौर्या ने द्वितीय स्थान तथा अनुकृति यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

# निदेशक डा. पी के राय ने किया ओंकार सेवा संस्थान द्वारा स्थापित केला रेशा प्रदर्शन का अवलोकन

अयोध्या। रविवार को अमानीगंज विकासखंड के खंडासा ग्राम पंचायत में नाबार्ड के सहयोग से ओंकार सेवा संस्थान द्वारा स्थापित केला रेशा प्रदर्शन इकाई का भारत सरकार की संस्था सरसों अनुसंधान निदेशालय भरतपुर राजस्थान के निदेशक डॉक्टर पी के राय ने अवलोकन किया।इस मौके पर डॉक्टर पी के राय ने संस्था के महिलाओ द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि कटाई के उपरांत केला का तना किसान सड़क के किनारे या फिर नालों आदि में फेंक देता है।जो कि प्रदूषण का कारण बनता है।ऐसे में संस्था द्वारा किया जा रहा कार्य किसानों को अतिरिक्त आमदनी देने के साथ साथ घर की महिलाओं के लिए भी आजीविका का साधन बन रहा है। प्रमुख सरसों उत्पादक किसानों से बातचीत करते हुए डॉ पी के राय ने कहा कि सरसों फसल का भारतीय तिलहन




अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि सरसों की उन्नत किस्मो मे शामिल जैसे गिरिराज, डी. आर.एम.आर– 1165–40, ब्रजराज, राधिका आदि विभिन्न जलवायु परिस्थितियों के लिए उपयुक्त है। इसके साथ ही फसल को मुख्य रूप से चितकबरा एवं चेंपा कीट और तना गलन, सफेद रोली, काला धब्बा रोग से बचाना होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अंजना राय, कार्यक्रम समन्वयक सूर्य कुमार त्रिपाठी, संगीता मौर्य, गीता मौर्य,संगीता शुक्ला,विजय लक्ष्मी यादव ,अनीता, आरती,चंद्रिका देवी, पूनम के साथ प्रमुख सरसों उत्पादक किसान श्रीकृष्ण द्विवेदी, भागवत प्रसाद शुक्ला,जगदीश प्रसाद मिश्र, कुलदीप मिश्र, हरिओम कुमार मिश्र चंद्र प्रकाश, शशि शेखर , विदुषी कुमारी, लीलावती सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति फेज–5.0 के तहत सुरक्षा के प्रति महिला एवं बालिकाओं को किया जागरुक

(डाक्टर अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या। सोमवार को जिले मे सभी थाना क्षेत्रों मे मिशन शक्ति फेज–5.0 के तहत महिला पुलिस टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया।बताते चले कि एसएसपी राज करन नैय्यर के निर्देश पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा विभिन्न स्कूल/पार्क/सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिलाओं/ बालिकाओं/छात्राओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों व नये कानून के बारे में किया जा रहा जागरुक, स्कूली छात्राओं/बच्चियों को गुड टच/बैड टच के बारे में जागरुक किया गया।इस अभियान के तहत महिला पुलिस कर्मियों द्वारा मिशन शक्ति नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलम्बन एवं एंटी रोमियो के तहत बालिकाओं को मिशन शक्ति नारी सुरक्षा व साइबर संबंधित अपराध के बारे में जानकारी दी गई।वही अनावश्यक रूप से पार्कोंध्स्कूलों के आस पास घूम रहे युवको से पूछताछ कर हिदायत देते हुए जाने दिया गया।नगर के साथ ही गांवों से लेकर गली, मोहल्ले,शिक्षण संस्थानों में चौपाल लगाकर बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु चलाये जा रहे मिशन नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी



स्वावलंबन के दृष्टिगत सुरक्षा जागरूकता के संबंध में जानकारियां दी गई।वही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे "मिशन शक्ति फेज–5.0 के तहत आत्मरक्षा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा–112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन–मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन–102, एम्बुलेंस सेवा–108, महिला हेल्प लाईन–181, साइबर सुरक्षा हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट वितरित कर विस्तृत जानकारी दी गई ।

# उत्तर प्रदेश निदेशालय ने जोश, उमंग, उत्साह के साथ जीओसी सेंट्रल कमांड की गरिमामई उपस्थिति में धूमधाम तरीके से मनाया 76वा एनसीसी दिवस



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश निदेशालय ने राजधानी लखनऊ के छावनी स्थित ,पुनीत दत्त ऑडिटोरियम, में 76वें एनसीसी दिवस का उत्सव मनाया। आपको बताते चलें कि प्रत्येक वर्ष नवंबर माह के चौथे रविवार को एनसीसी दिवस मनाया जाता है। 76वे एनसीसी दिवस के मुख्य अतिथि जीओसी मध्य कमान भारतीय थल सेना लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, उत्तम युद्ध सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, युद्ध सेवा मेडल की गरिमामई उपस्थिति में ,नेशनल कैडेट कोर, निदेशालय उत्तर प्रदेश ने मेजर जनरल विक्रम कुमार एडीजी एनसीसी उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में बड़े ही गर्व पूर्वक एनसीसी दिवस को मनाया। जीओसी मध्य कमान लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने एनसीसी कैडेट्स व एनसीसी संगठन के सभी उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि ष्यह बड़े गर्व की बात है कि एनसीसी ने एनसीसी दिवस को एक बड़े महोत्सव का रूप दिया है और मैं इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हूं आपको बताते हुए गर्व हो रहा है कि आज भारतीय सेना में प्रत्येक तीसरा से चौथा अधिकारी या भारतीय सेना का सदस्य एनसीसी कैडेट होता है। एनसीसी कैडेट होना गर्व की बात है, एनसीसी हमें हमारे जीवन के प्रारंभिक चरण में ही अनुशासन का जो पाठ पढ़ती है, हमारे आचरण पर जो प्रभाव डालती है वह ताउम्र के लिए हमारे अंदर घुल जाता है जिससे हम जीवन में एक विशिष्ट व्यक्ति बन जाते हैं और हमारे दैनिक जीवन पर इसका महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है जो हमें जीवन में सफलता दिलाता है। यह गर्व की बात है की एनसी सी एक ऐसा संगठन है जो सीधे रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित किया जाता है और भारतीय सेना के तीनों संगठनों में स्कूल और कॉलेज के इच्छुक विद्यार्थियों को सेना के अधिकारियों द्वारा एनसीसी में नामांकित कर उन्हें फौजी ट्रेनिंग दी जाती है तथा जीवन कौशल के पाठ सिखाए जाते हैं जिससे विद्यार्थियों का मनोभाव ही बदल जाता है और वह एकता और अनुशासन का पाठ पढ़ने लगते हैं। एक एनसीसी कैडेट या तो सेना जॉइन करता है या फिर जीवन के जिस क्षेत्र में जाता है वहां वह लकीर खींचता है एक विशिष्ट व्यक्ति व कुशल नागरिक बनता है। उप महानिदेशक एनसीसी उत्तर प्रदेश मेजर जनरल विक्रम कुमार ने एनसीसी परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि यकीनन एन सीसी ने 76 वर्षों में देश को तमाम उपलब्धियां दी हैं। देश के नौनिहालों की मनोदशा बदली है। एनसीसी कैडेट्स ने जिस प्रकार देश में हो रहे तमाम विपत्तियां व आपदाओं में बढ़–चढ़कर भाग लिया है व समर्पित होकर सेवा की है वह अपने आप में काबिल ए तारीफ है। उन्होंने जीओसी सेंट्रल कमांड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, चाहे पारा सीलिंग हो पैराग्लाइडिंग हो ,व्हाइट वॉटर राफ्टिंग, हो या इस प्रकार की सेवा के जितने भी क्रियाकलाप हैं उसमें जीओसी सेंट्रल कमांड की मुख्य भूमिका रही है जिनके सहयोग से उत्तर प्रदेश निदेशालय के एनसीसी कैडेट्स आए दिन सेना के रोमांच व उत्साह से भरपूर क्रियाकलापों में प्रतिभा कर रहे हैं व नया एहसास प्राप्त कर रहे हैं। हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियां करने को मिलती रहेगी। एनसीसी दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश निदेशालय से उत्कृष्ट सेवा देने वाले एनसीसी के अधिकारी ,कर्मचारी व एनसीसी कैडेट्स को सेना प्रमुख मध्य कमान ने पदक व मेडल देकर सम्मानित किया। जिसमें प्रदेश भर से एनसीसी कैडेट्स , एनसीसी अधिकारी व सहायक एनसीसी अधिकारी ने प्रतिभाग किया। उक्त मौके पर समूह निदेशालय लखनऊ के एनसीसी कैडेट्स द्वारा रंगारंग मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें कत्थक, ठुमरी रासलीला, देश प्रेम के कार्यक्रम प्रमुख रहे। एनसीसी नेवी के जूनियर विंग एनसीसी कैडेट द्वारा बैंड प्रदर्शन किया गया जिसमें तरह–तरह के विजय धुन निकाले गए। एनसीसी एयर विंग के कैडेट्स द्वारा भी कई प्रकार के शो किए गए व कौशल दिखाये गये।

# पुलिस भर्ती परीक्षा मे असफल होने पर युवक ने जहर खाकर दी जान

(डॉ अजय तिवारी
जिला संवाददाता )

अयोध्या। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के उसुरु अमौना गांव निवासी एक युवक ने पुलिस की परीक्षा में फेल होने पर शनिवार को जहर खा लियाजिसकी इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गयी।वही पुलिस ने पंचनामा कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बताते चले कि पूराकलंदर थाना क्षेत्र के उसुरु अमौना गांव निवासी शैलेश पाल पुत्र मयाराम पाल ने पुलिस भर्ती परीक्षा मे शामिल हुआ था।पुलिस भर्ती परीक्षा मे असफल रहने पर शैलेश ने शनिवार को विषैला पदार्थ जहर खा लिया।जानकारी होने पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती करवाया।वही रविवार को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक शैलेश के पास बीएड,आईटीआई,पॉलीटेक्निक आदि डिग्रियां थी। स्थानीय लोगो नेता बताया कि मृतक शैलेश पढ़ने में मेधावी था।उसने उत्तर प्रदेश पुलिस की परीक्षा दी थी किन्तु वह फेल हो गया और सदमें में आकर जहर खा लिया।मृतक पांच बहनों में इकलौता भाई था। और पिता बाहर नौकरी करता है। इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# कोतवाली नगर क्षेत्र के एमआई मांगने पहुंचे बैंक कर्मी की पिटाई मामले मे प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक मुकदमा दर्ज

(डाक्टर अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या। कोतवाली नगर के घोसियाना मोहल्ले में ऋण पर ली गई रकम की ईएमआई मांगने पहुंचे बैंक कर्मी की पिटाई की गई। पीड़ित ने महिला और उसके दो बेटों के खिलाफ शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है।शहर के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित आईडीएफसी बैंक शाखा में जनसंपर्क प्रबंधक के पद पर तैनात शिवम उपाध्याय निवासी ग्राम देवराजपुर थाना करौदीकला जिला सुल्तानपुर का कहना है कि बैंक शाखा से कोतवाली नगर के घोसियाना हवाईपट्टी निवासी महिला सफीना पत्नी रहमत उल्ला ने 30 हजार रूपये का ऋण लिया था।इधर पीडित महिला की ओर से लिए गए ऋण की किश्त की अदाएगी नहीं की जा रही थी जिसको लेकर वह अपने सहयोगी कर्मी अतुल कुमार दूबे के साथ महिला के घर तकादा करने गए थे। आरोप है कि महिला सफीना को बकाया किश्त का भुगतान करने के लिए कहा गया तो विवाद करने लगी। इसी बीच सफीना के दो लड़के भी मौके पर आ गए और गाली–गलौच करते हुए डण्डे तथा ईंट–पत्थर से हमला बोल दिया। हमले में उनको और सहयोगी कर्मी को चोट आई तथा डायल 112 को फोन करने तथा स्थानीय लोगों के बीच–बचाव पर उनकी जान बची। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्वनी पांडे ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज पुलिस छानबीन मे जुट गई है।

# हमें अपने संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं निष्ठा रखनी चाहिए - सीमा द्विवेदी



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । भारतीय सविधान के 75 वर्ष पूर्ण करने पर जनपद में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्रा, नगर पालिका परिषद जौनपुर की अध्यक्ष मनोरमा मौर्य, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। लोक भवन स्थित सभागार में मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को राज्यसभा सांसद, विधायक बदलापुर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों, बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकगणों तथा छात्र–छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा गया तथा मुख्यमंत्री जी के उदबोधन को सुना गया। बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित विद्यालयों में भारतीय संविधान विषयक पर आयोजित निबन्ध, वाद–विवाद, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले में 10–10 प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट छात्र–छात्राओं को मा0 जनप्रतिनिधिगण तथा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मेडल, अंगवस्त्रम एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। राज्यसभा सांसद ने कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। संविधान के महत्व के बारे विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि बाबा साहब ने संविधान बनाते समय दूरदर्शिता का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे अधिकारों और कर्तव्यों का बोध कराता है। विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्रा ने संविधान दिवस की बधाई देते हुए कहा कि संविधान का सम्मान करना चाहिए। भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। हमें संविधान के मूल्यो का आत्मसात करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी को संवैधानिक जीवन जीना चाहिए संविधान की मूल भावना में मानव ही नहीं अपितु पशु–पक्षी व अन्य वन्य जीवों को भी संरक्षित रखने का प्राविधान किया गया है। कलेक्ट्रेट परिसर से संविधान स्वाभिमान जन जागरुकता रैली का शुभारम्भ किया गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा रैली के माध्यम से आम जनों में जन जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया। रैली कलेक्ट्रेट से होते हुए पैदल मार्च करते हुए अम्बेडकर तिराहे पर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में सभा के रुप में परिणित हो गया। वहाॅ पहुच कर सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति पर मा0 जनप्रतिनिधिगणों ,जिलाधिकारी सहित अन्य द्वारा माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात नगर पालिका जौनपुर में नगर को स्वच्छ रखने में एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। राज्यसभा सांसद द्वारा रैली में आए हुए सभी जनों को भारतीय संविधान की उद्देशिका/प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई तथा उनके द्वारा अपील की गया कि हमें अपने संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं निष्ठा रखनी चाहिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के छात्र–छात्राओं शिक्षकगणों तथा सभी अधिकारियों का आभार जताते हुए धन्यवाद की ज्ञापित किया। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारीगण भी मौजूद रहे। इसके साथ विकास भवन ,कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी सहित विभिन्न कार्यालयों सहित सम्पूर्ण जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 रामअक्षयवर चौहान, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, कलेक्ट्रेट बार के अध्यक्ष और सदस्यगण सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएम आफिस के मुताबिक समय से ऑनलाइन समस्या का निस्तारण करने में अयोध्या कोतवाली नगर पहले, तो इनायतनगर दूसरे स्थान पर काबिज

(डॉ अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या। अयोध्या में अनलाइन की जाने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हो रहा है। हर शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। बताते चले कि सीएम कार्यालय से आई एक अक्टूबर की रिपोर्ट बता रही है,जिसमें जिले के 19 में से 18 थाने प्रदेश में पहली रैंक पर आए हैं। इसमें कोतवाली नगर टाप पर है।जनपद पुलिस ने आईजी आरएस यानि एकीत शिकायत निवारण प्रणाली पोर्टल पर अनलाइन आने वाली जन शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में पहली रैंक प्राप्त की है। पिछले कई महीनों बाद यह मौका आया है, जब अयोध्या पुलिस को यह सफलता मिली है। एसएसपी ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले।थानेदारों को सराहते हुए फेहरिस्त में निचले पायदान पर मौजूद थाने को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया है।प्रदेश सरकार ने जनता की शिकायतों के निस्तारण के लिए आईजीआरएस पोर्टल की व्यवस्था तैयार की है।नियमानुसार, इस पोर्टल पर आने वाली अनलाइन शिकायत का 30 दिन के भीतर गुणवत्तापरक तरीके से निस्तारण करना होता है। समय समय पर इन शिकायतों से जुड़ा फीडबैक लखनऊमें बैठे आला अफसर लेते हैं। डिफाल्टर या असंतोष की स्थिति में शिकायतों को वापस लौटाया जाता है, ताकि उनका निस्तारण हो सके। जनपद में अक्टूबर माह में 19 धानों में तकरीबन 2700 शिकायतें आईजीआरएस पर हुई हैं। 100 फीसदी शिकायतों का निस्तारण हो चुका है।इस संबंध मे एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि आईजीआरएस के पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण के मामले में कोतवाली नगर ने बाजी मारी है।जिसमे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्वनी पाण्डेय का कार्य काफी सराहनीय है।उन्होंने बताया कि इसके बाद सर्वाधिक शिकायतों को हल कर दूसरे नम्बर पर स्थान बनाने वाला थाना इनायतनगर है।बताया जाता है कि पुलिस में आई सभी अनलाइन शिकायतों के निस्तारण के लिए एक दारोगा मौके पर अवश्य जाता है। वहां से जीपीएस की तस्वीरें आती हैं, जिससे पता चलता है मामले को निपटाने में पुलिस दिलचस्पी दिखाती है। वही थाना पूराकलंदर ने अनलाइन शिकायत पत्र देखने में देरी लगाई।इस कारण उसकी रैंक बहुत गिर गई है।देखा जाये तो रैंकवार थाना प्राप्त शिकायतें व निस्तारणश्मे 1 कोतवाली नगर–354,2– इनायतनगर– 297,3– अयोध्या कोतवाली – 272,4 – कोतवाली बीकापुर– 243,5 महराजगंज– 24,6 रौनाही– 227,7– रुदौली– 209,8– गोसाईगंज– 160,9– तारुन 156,10– खंडासा– 140,11– हैदरगंज– 133,12– कैंट –112,13– कुमारगंज– 89,14– रामजन्मभूमि– 85,15 –पटरंगा –66,16– बाबा बाजार– 61,17– मई–59,18– थाना महिला 48,19– पूराकलंदर–324 है। इस संबंध मे एसएसपी राजकरण नैय्यर ने बताया कि आईजीआरएस जनसुनवाई के लिये एक आनलाइन माध्यम है। इस माध्यम से किसी भी व्यक्ति को शिकायत करने के लिये कहीं चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती है।पीड़ित व्यक्ति इसके पोर्टल पर आनलाइन शिकयत दर्ज कराता है। संबंधित विभाग उसकी जांच कराकर निस्तारण कराने का प्रयास करता है। इस माध्यम से दर्ज कराई गई शिकायत पर जवाबदेही भी रहती है।शिकायत की हर स्थित से शिकायतकर्ता को जानकारी मिलती है। आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि जनसुनवाई के इस पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायतों के निस्तारण की प्रत्येक माह शासन स्तर पर समीक्षा होती है। आईजीआरएस पर दर्ज कराई गई शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक लेते हुए शासन के मानकों के हिसाब से पीड़ित संतुष्ट है या असंतुष्ट, इसकी समीक्षा करके रैंक जारी की जाती है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश रहेगी अयोध्या के सभी थाने हमेशा अग्रणी रहे।

# दूरदर्शन एवं आकाशवाणी कलाकार सुप्रसिद्ध गायिका डा. जया श्रीवास्तव का सिविल लाइंस, कानपुर स्थित मर्चेंट चौंबर प्रेक्षागृह में भव्य स्वागत एवं सम्मान हुआ



मृत्युंजय प्रताप सिंह

लगातार चालीस वर्षों से सफलतापूर्वक संगीत जगत में बेहतरीन गतिविधियों को संचालित करने वाली संस्था संगम कला ग्रुप के कानपुर चौप्टर द्वारा आयोजित सुर तरंग कार्यक्रम के भव्य मंच पर शानदार गायन प्रतियोगिता सिविल लाइंस स्थित मर्चेंट चौंबर प्रेक्षागृह में संपन्न हुई। अनेक गणमान्य अतिथियों के द्वारा मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद कानपुर मंडल के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए बेहतरीन कलाकारों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुईं लखनऊ निवासी सुप्रसिद्ध गायिका डॉ जया श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए शुभकामनाएं दीं तथा मुख्य आयोजक कानपुर मंडल प्रमुख संतू श्रीवास्तव, ध्रुपद गायक विनोद द्विवेदी,अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव,समाजसेवी इंद्रमोहन रोहतगी ,सचिव संध्या श्रीवास्तव,सह सचिव संजय अवस्थी, कार्यक्रम संयोजक वंदना निगम आदि समेत सभी आयोजन समिति को साधुवाद दिया।

आयोजन समिति के सभी प्रमुख पदाधिकारियों ने आमंत्रित अतिथियों सहित डॉ जया श्रीवास्तव को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह आदि भेंट कर सम्मानित किया।

# डा.अम्बिकेश सहित 5 एसआरजी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन हेतु भेजे गये अजमेर



अयोध्या। प्रदेश के 5 एसआरजी टीम मे शामिल विकास खंड तारुन कंपोजिट विद्यालय तमकीन गंज, मे तैनात गणित के शिक्षक डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी को क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद अजमेर राजस्थान राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन हेतु भेजा गया।इस संबंध मे डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन हेतु एवं मिडिल स्टेज (6 से 8 तक के) बच्चों की अधिगम संप्राप्ति के लिए शिक्षण में विभिन्न नवाचारी शिक्षा शास्त्रीय पद्धतियों को लागू करने विषयक क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद) ,अजमेर (राजस्थान) भेजा गया है।उन्होंने बताया कि उतर प्रदेश से प्रतिभाग करने हेतु भेजे गए 5 एस आर जी में अयोध्या से उनके अलावा लखनऊ से सुनीता तिवारी, बरेली से डा लक्ष्मी शुक्ला, लखीमपुर खीरी से पूनम सिंह तोमर और सम्भल से शालिनी सक्सेना भेजी गई है।पांच दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम में बच्चों के सीखने – सिखाने की नवाचारी विभिन्न शिक्षा शास्त्रीय पद्धतियों से बच्चों का बहुआयामी विकास करने,उन्हें गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, एक अच्छा नागरिक बनाने हेतु आनंदपूर्ण वातावरण में ज्ञान के साथ साथ मूल्य आधारित शिक्षा, अनुभवात्मक सीखना, समस्या समाधान के अवसर उपलब्ध कराने, रोचक कहानियों के माध्यम से, रोल प्ले के द्वारा, परिवेशीय सामग्रियों का सीखाने सिखाने में उपयोग करने,जादुई पिटारा का उपयोग करते हुए रोचक ढंग से सिखाने , कला आधारित शिक्षा का उपयोग करने, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग करने, खेल को अन्य विषयों से जोड़कर शिक्षण करने, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण करने, एजुकेशनल किट और स्व निर्मित किट के उपयोग से, स्वयं करके सीखने का अवसर उपलब्ध कराने और सभी बच्चों के कार्यों का समग्र रूप से आकलन करने संबंधी विषयों की जानकारी पर विस्तार से चर्चा की गई।इन सभी नवाचारी शिक्षा शास्त्रीय पद्धतियों से हमारे सभी बच्चों का सीखना सरल, सहज और रोचक होने के साथ साथ उनके अन्दर विभिन्न प्रकार के कौशल विकसित होंगे।इस मौके पर राज्य शिक्षा संस्थान,अजमेर के प्राचार्य प्रोफेसर एस वी शर्मा ने डॉ त्रिपाठी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# सुभद्रा हत्या के मामले परिजनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर किया हंगामा



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। तेजीबाजार थाना क्षेत्र के चोरहां गांव में बीते 22 नवंबर को हुई महिला सुभद्रा निषाद के हत्या में पुलिस के लचर क्रिया कलाप और आरोपियों के खिलाफ हल्की धारा लगाकर। उन्हें बचाने को लेकर सुभद्रा के परिजनों ने आज एसपी कार्यालय पहुंचकर कार्यालय का घेराव किया।परिजनों का आरोप है कि हत्या करने वालो के खिलाफ दी गयी नामजद तहरीर के आधार पर उन्हें हत्या का मुलजिम नही बनाया गया । उन सबको सहयोगी बनाकर पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के द्वारा हत्या करने का आरोप लगाकर उसे मुख्य मुलजिम बना दिया।वहीं नामजद आरोपियों की दो दिन के अंदर जमानत हो गयी।वह लोग बाहर आने के बाद हम सभी को भी जान से मारने के लिए डरा धमका रहे है। एसपी कार्यालय के बाहर लगभग एक घंटे तक चले हंगामे के बाद एसपी सिटी ने मामले की विवेचना क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दी।उसके बाद परिजनों को पुलिस द्वारा समझा बुझाकर परिजनों को वापस घर भेजा दिया गया। आपको बता दे बीते 22 नवंबर को थाना तेजी बाजार क्षेत्र के गांव चोरहा निवासी महिला सुभद्रा निषाद पत्नी इंद्रेश निषाद का शव सुबह 10 बजे के लगभग क्षत विक्षत हालत में मिला था।पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मामले की तहकीकात करते हुए चार लोगो को गिरफ्तार कर मामले का सनसनीखेज खुलासा किया।एसपी ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह ने खुलासा करते हुए मीडिया को बताया कि मुख्य अभियुक्ता सरिता ने इस घटना को अंजाम दिया है। सरिता का मृतक सुभद्रा के लड़के विशाल से अवैध संबंध था जिससे वह शादी करना चाहती थी।दोनो के संबंधों के बीच उसकी माँ सुभद्रा बाधक बन रही थी।सरिता ने हासिये से वार करते हुए सुभद्रा की हत्या कर दी। इस घटना में सरिता के पिता व उसके भाईयों ने उसका सहयोग करते हुए शव को ठिकाने लगाया था।पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया था।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद लखनऊ (पूर्व भाग) की मासिक बैठक सम्पन्न



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद लखनऊ (पूर्व भाग) की मासिक बैठक समाजसेवी लक्ष्मी दत्त भट्ट के निवास पर सम्पन्न हुई। बैठक संगठन गीत से शुरू हुई। बैठक में कुछ लोकल विषयो के अलावा देश के मौजूदा राजनैतिक घटनाक्रम पर भी चर्चा की गयी जिसमे सभी सदस्यो ने एक है तो सेफ है स्लोगन का खुलकर सर्मथन किया। बैठक में एम. एम. पांडेय और डी. डी. पांडेय का सभी सदस्यो ने केक काटकर जन्म दिन मनाया और शुभकामना प्रेषित की। सभी सदस्यो ने शांति पाठ के साथ बैठक का समापन किया और एल. डी. भट्ट का शानदार मेजबानी के लिए धन्यवाद दिया।

# मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन आवेदन करे

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी नीरज पटेल ने अवगत कराया है शैक्षणिक सत्र 2023–24 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा–9–10) की कक्षाओं से सम्बन्धित पाठ्यकमो का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने संशोधित समय सारिणी निर्गत की गयी है। जिसकी प्रक्रियात्मक कार्यवाही का विवरण निम्नवत है। प्रदेश में स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिए आनलाइन आवेदन करने की कार्यवाही किया जाना। जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्षा समस्त प्रपत्र प्रस्तुत करना, तदोपरान्त जिला समाज कल्याण अधिकारी से पासवर्ड प्राप्त करने (नवीन संस्थाएँ) एवं मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनाएँ भरकर/अपलोड करके प्रमाणित करने की पूर्व निर्धारित समयावधि 10 जुलाई, 2024 से 02 सितम्बर, 2024 तक थी जिसकी प्रस्तावित समयावधि 31 दिसम्बर 2024 तक बढायी गयी है।

सम्बन्धित जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वर्गवार वास्तविक छात्र संख्या आदि की प्रमाणिकता के आनलाइन सत्यापित करने की पूर्व निर्धारित समयावधि 11 जुलाई, 2024 से 06 सितम्बर, 2024 तक थी जो अब बढाकर 21 जनवरी, 2025 से 28 जनवरी, 2025 तक की गयी है। छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन किया जाने की पूर्व समायावधि 10 जुलाई 2024 से 31 अक्टूबर, 2024 थी और जिसकी प्रस्तावित समयावधि 13 जनवरी, 2025 तक निर्धारित की गयी है।अतः शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु पूर्वदशम् (कक्षा 9–10) जारी समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही किये जाने हेतु जनपद की समस्त शिक्षण संस्थाओं को अवगत कराया है कि आनलाइन मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करनें एवं छात्रों को छात्रवृत्ति आवेदन समयान्तर्गत करान सुनिश्चित करे।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक **देश की उपासना**

**स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

**सम्पादक**
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**
मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002
**RNI NO - UPHIN/2022/86937**
**Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com**

**समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।**